# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 19 नवंबर, 2018

### भाप इंजन संचालित ट्रेन

17 नवंबर, 2018 को कम-से-कम दो दशकों के बाद भाप इंजन द्वारा संचालित ट्रेन हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा घाटी रेलवे की नैरो गेज लाइन पर वाणिज्यिक रूप से दौड़ी।

- इस ट्रेन में ब्रिटिश यात्रियों का एक समूह था जो भारतीय रेलवे की विरासत का अनुभव प्राप्त करने के लिये यहाँ आया है।
- इस ट्रेन के लिये रेलवे ने ZB 66 स्टीम लोकोमोटिव को तैयार किया और इसमें दो कोच जोड़े। ZB श्रेणी के भाप इंजनों को 1950 के दशक में डिज़ाइन किया गया था।
- ट्रेन ने पालमपुर और बैजनाथ पपरोला के बीच 14 किलोमीटर की दूरी तय की। उल्लेखनीय है कि इस ट्रेन से यात्रा करने के लिये रेलवे ने प्रत्येक यात्री से लगभग 1.5 लाख रुपए वसूले।

---

### कौमी एकता सप्ताह

सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता तथा मिली-जुली संस्कृति एवं राष्ट्रीय भावना के प्रति गर्व प्रकट करने के लिये पूरे देश में 19-25 नवंबर, 2018 तक कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

- कौमी एकता सप्ताह सहिष्णुता, सह-अस्तित्व तथा भाईचारे के मूल्यों और सदियों पुरानी परंपराओं के प्रति संकल्प व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।
- कौमी एकता सप्ताह मनाने से देश को वास्तविक और संभावित खतरों से निपटने में अपनी अंतर्निहित दृढ़ता उज़ागर करने का अवसर मिलता है, देश का धर्मनिरपेक्ष ताना-बाना मज़बूत होता है और सांप्रदायिक सदभाव की भावना बढ़ती है।
- सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिये गृह मंत्रालय का स्वशासी संगठन नेशनल फाउण्डेशन फॉर कम्युनल हॉरमोनी (NFCH) कौमी एकता सप्ताह के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द्र अभियान का आयोजन करता है और 25 नवंबर को सांप्रदायिक सौहार्द्र झंडा दिवस मनाता है।
- NFCH सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिये प्रोत्साहित करता है और राष्ट्रीय एकता को मज़बूत बनाता है।

---

### 'पुलिस संचार व्यवस्था का आधुनिकीकरण और उसकी चुनौतियाँ'

'पुलिस संचार व्यवस्था का आधुनिकीकरण और उसकी चुनौतियाँ' विषय पर 19-20 नवंबर, 2018 को दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है।

- इस सम्मेलन का आयोजन समन्वय पुलिस वायरलेस (DCPW) निदेशालय (देश में पुलिस संचार व्यवस्था के लिये गृह मंत्रालय का एक नोडल सलाहकार निकाय) कर रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य देश में पुलिस संचार व्यवस्था के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और इसे प्रौद्योगिकी विकास के साथ आधुनिक बनाने के लिये एक मंच उपलब्ध कराना है।
- सम्मेलन में राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों की पुलिस और CAPF के सामने आ रही संचार चुनौतियों के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा।
- पुलिस संचार व्यवस्था के लिये आवर्ती स्पेक्ट्रम संबंधी मुद्दों, पुलिस संचार व्यवस्था में एन्क्रिप्शन, पुलिस सुरक्षा के लिये अगली पीढ़ी/भविष्य की प्रौद्योगिकी, पुलिस दूरसंचार व्यवस्था में विभिन्न अनुप्रयोगों के लिये सॉफ्टवेयर डिफाइन्ड रेडियो को शामिल करने के बारे में भी इस सम्मेलन में चर्चा की जाएगी।
- इस सम्मेलन में सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और CAPF के प्रमुख भाग लेंगे। गृह मंत्रालय, दूरसंचार विभाग का वायरलेस योजना आयोग, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लाइड प्रयोगशाला और अन्य प्रतिष्ठित संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे।

### DCPW के बारे में

- यह विभाग 19 फरवरी, 1946 को अस्तित्व में आया था। शुरुआत में इसे 'वायरलेस इंस्पेक्टरेट' के रूप में और 1950 में गृह मंत्रालय के अधीनस्थ

संगठन समन्वय निदेशालय (पुलिस वायरलेस) का दर्जा दिया गया था।

## फुटपाथ एंड कंप्यूटेशनल एप्रोच

केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ने 16-17 नवंबर, 2018 को 'फुटपाथ एंड कंप्यूटेशनल एप्रोच' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

- इस सम्मेलन का उद्देश्य विकासशील देशों की ज़रूरतों पर विशेष ध्यान देते हुए दुनिया भर में फुटपाथ प्रौद्योगिकी और सड़क बुनियादी ढाँचा इंजीनियरिंग में हुई प्रगति पर विचार करना था।

## परंबिकुलम टाइगर रिज़र्व

परंबिकुलम टाइगर रिजर्व में किये गए एक हालिया सर्वेक्षण में इस रिज़र्व में तितलियों की 221 किस्में पाई गईं, इनमें से 11 किस्में इस क्षेत्र के लिये स्थानिक थीं।

- **बुद्ध पीकॉक** या **बुद्ध मयूरी** केरल की राज्य तितली है।
- परंबिकुलम टाइगर रिज़र्व दक्षिण-पश्चिमी घाटों की अन्नामलाई और नेल्लीयम्पैथी पहाड़ियों के बीच केरल के पलक्कड़ (Palakkad) ज़िले में स्थित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-9-11-2018